श्रीराम सुपर 252 और श्रीराम सुपर 272 रीसर्च व्हीट के साथ किसानों की बढ़ी है उत्पादकता

लुधियाना। पंजाब के किसान श्रीराम सुपर 252 और श्रीराम सुपर 272 रीसर्च व्हीट का इस्तेमाल करने के बाद बेहद खुश हैं। श्रीराम फार्म सोल्यूशन्स ने किसानों की फसलों की उत्पादकता बढ़ाने केलिए आधुनिक अनुसंधान-उन्मुख उत्पाद विकसित किए है। श्रीराम सुपर 252 और श्रीराम सुपर 272 रीसर्च व्हीट के लान्च के बाद इनकी लोकप्रियता बहुत अधिक बढ़ गई है, पंजाब के विभिन्न क्षेत्रों के किसान गेंहू की इन किस्मों को खूबपसंद कर रहे हैं। 2016 में श्रीराम फर्टीलाइजर्स एण्ड कैमिकल्स में गेंहू के विश्व-विख्यात वैज्ञानिकों ने इन किस्मों का विकास किया। श्रीराम सुपर 252 और श्रीराम सुपर 272 इनकी उत्पादकता के चलते बहुत लोकप्रिय हो गए हैं। पीली रस्ट बीमारी के लिए इनमें बहुत अधिकस हिष्णुता है, जिसके चलते ये पंजाब, हरियाणा, उत्तराखण्ड एवं तेरारी क्षेत्रों में गेहू किसानों की पहली पसंद बन गए हैं। श्रीराम सुपर 252 रीसर्च व्हीट में ज़्यादा वजन वाले बडे दाने हैं, इसकी फसल की ऊँचाई 103 सेंटी मीटर होती है। यह उत्पाद जल्दी और देर से बुवाई के लिए उपयुक्त है। लुधियाना के जगराव से एक किसान हरमिंदर सिंह ने 20 एकड जमीन में श्रीराम सुपर 252 रीसर्च व्हीट बोया, जिसके चलते उनके खेत की उत्पादकता 2.40 क्विंटल प्रति एकड बढ़ गई। उनकी 20 एकड जमीन से उन्हें रु 62,800 का अतिरिक्त मुनाफा हुआ है। वे श्रीराम फार्म सोल्यूशन्स द्वारा पेश की गई गेहू की इन नई किस्मों से हुए मुनाफे के कारण बेहद खुश हैं। पंजाब के किसानों को श्रीराम सुपर 272 रीसर्च व्हीट से भी फायदा हुआ है, इसके इस्तेमाल के कारण उनकी उत्पादकता प्रति एकड 2.1 से 2.40 क्विंटल तक बढ़ गई है। फिरोजपुर से एक किसान गुरशन सिंह ने बताया कि इसकी वजह से उनके खेत की उत्पदकता प्रति एकड 25.6 क्विंटल बढ़ी है और मुनाफा भी रु 3416 प्रति एकड बढ़ा है।इसी तरह बाघा पुराना के एक किसान इकबाल सिंह ने बताया कि उनका मुनाफा रु 2680 प्रति एकड बढ़ गया है। उन्होंने बताया कि यह उत्पाद पीली रस्ट बीमारी के लिए प्रतिरोधी है। फसल की उत्पादकता और मुनाफा बढ़ने के कारण वे अगले साल अपनी पूरी जमीन पर श्रीराम सुपर 272 रीसर्च व्हीट ही बोएगा ।